NT>

Title: Need to look into the difficulties being faced by pensioners in getting medicines from authorized medical outlets in Rajasthan- Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में लगभग 40 हजार पेंशनधारी लोग हैं। इन पेंशनधारियों को मेडिकल की 50 दुकानों से दवाईयां प्राप्त होती थीं। परन्तु सरकार ने इन 50 दुकानों के स्थान पर केवल 10 दुकानें ही पेंशनधारियों को दवाई लेने के लिए अधिकृत की हैं और इसका समय भी प्रातः छः बजे से 10 बजे और रात्रि 6 बजे से 10 बजे तक रखा है। उपरोक्त 10 दुकानों की व्यवस्था के कारण इन पर भी डाक्टर द्वारा लिखित दवाएं उपलब्ध नहीं हैं और इनके वितरण का समय भी दोपहर के समय भी किया जाए, जिससे कि वृद्ध आदमी भी दवाई प्राप्त कर सकें।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि पेंशनधारियों की सुविधा हेतु पहले वाली सभी दवाईयों की दुकानों को चालू किया जाये।